CS (Main) Exam :,2014

C-DRN-N-UPDB

# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घंटे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in chronological order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** निम्नलिखित पर समाजशास्त्रीय संदर्श से संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

Write short notes with a sociological perspective on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) सांप्रदायिक समरसता के लिए गाँधीजी के प्रयास

Gandhi's efforts on communal harmony *10*

(b) भारतीय परम्पराओं का आधुनिकीकरण

Modernisation of Indian traditions *10*

(c) भारत में बंधुत्व प्रणाली (किनशिप सिस्टम) के प्रकार

Types of kinship systems in India *10*

(d) जाति व्यवस्था के अभिलक्षण

Features of caste system *10*

(e) भारत में समाज को समझने के लिए, जी.एस. घुर्ये का भारतविद्या अभिगम

G.S. Ghurye's Indological approach to understand society in India *10*

**Q2.** (a) भारत में जनजातियों के एकीकरण और स्वायत्तता के बारे में विभिन्न विचारों का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the different views on integration and autonomy of tribes in India. *20*

(b) भारतीय राष्ट्रीयता की सामाजिक पृष्ठभूमि का विवेचन कीजिए ।

Discuss the social background of Indian nationalism. *20*

(c) पितृतंत्र (पैट्रिआर्की) को परिभाषित कीजिए । भारत में यह बालिका की समग्र हक़दारी को किस प्रकार प्रभावित करता है ?

Define Patriarchy. How does it impact the overall entitlement of a girl child in India ? *10*

**Q3.** (a) प्रवासी नगरीय निर्धनों की समस्याओं का समाजशास्त्रीय विश्लेषण कीजिए।

Give a sociological analysis of the problems of migrant urban poor. *20*

(b) भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की समस्याओं का विवेचन कीजिए।

Discuss the problems of religious minorities in India. *20*

(c) भारत में अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए महत्त्वपूर्ण सामाजिक सुधारों में से कुछ को लिखिए।

Write some of the important social reforms in India for the removal of untouchability. *10*

**Q4.** (a) उभरते शहरी मध्य वर्ग में महिलाओं की प्रस्थिति पर चर्चा कीजिए।

Discuss the status of women among the emerging urban middle class. *20*

(b) भारतीय समाज के किसानों पर भूमि सुधारों के प्रभावों का वर्णन कीजिए।

Describe the impact of land reforms on the peasants of Indian society. *20*

(c) 'भारतीय ग्राम' के विचार से क्या अर्थ है ? समझाइए।

What is the idea of 'Indian village' ? Explain. *10*



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित पर समाजशास्त्रीय संदर्श से संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हों :

Write short notes with a sociological perspective on the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) महिलाओं में शिशु मृत्यु-दर की प्रवृत्तियाँ

Trends of Infant Mortality Rate among females *10*

(b) घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005

Domestic Violence Act, 2005 *10*

(c) समकालीन दलित आन्दोलनों की गत्यात्मकता

Dynamics of Contemporary Dalit movements *10*

(d) शैक्षणिक विषमताओं पर निजीकरण का प्रभाव

Impact of privatisation on educational disparities *10*

(e) ग्रामीण भूमिहीन मज़दूर और विकास प्रभावित विस्थापन

Rural landless labourers and development induced displacement *10*

**Q6.** (a) भारतीय संदर्भ में, महिला आंदोलन की दूसरी लहर के प्रमुख अभिलक्षण क्या हैं ?

What are the main features of the second wave of Women's movement in the Indian context ? *20*

(b) पारिस्थितिक नारी-अधिकारवाद के एक उदाहरण के रूप में 'चिपको आंदोलन' पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the 'Chipko movement' as an example of eco-feminism. *20*

(c) अनौपचारिक क्षेत्रक में श्रमिकों पर वैश्वीकरण के प्रभावों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the impact of globalisation on the workers in the Informal sector. *10*



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

**Q7.** (a) अगले दशक के लिए, वृद्ध होती हुई जनसंख्या (60+) के लिए क्या जनांकिकीय प्रक्षेपण हैं ? उनके लिए नीति-निर्माण के इसके क्या निहितार्थ हैं ?

What are the demographic projections for the ageing population (60+) for the next decade ? What are the implications for formulating policy for them ? *20*

(b) पिछले दशक में सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं के प्रति वर्धित हिंसा में तेज़ी आने के क्या संभव अधःशायी कारण हैं ?

What are the possible underlying causes of the spurt of increased violence against women in public spaces in the last decade ? *20*

(c) परम निर्धन की कोटि के सृजन में जाति और वर्ग किस प्रकार एक-दूसरे के साथ आ जाते हैं ?

How do caste and class come together in creating the category of extreme poor ? *10*

**Q8.** (a) बहुत से जाति संघर्ष उन जातियों के बीच होते हैं, जो जातियों के सोपानिक पैमाने पर एक-दूसरे के नज़दीक होते हैं । इस परिघटना के लिए समाजशास्त्रीय स्पष्टीकरण दीजिए ।

'Many caste conflicts are between castes which are close to each other on the hierarchical scale.' Give a sociological explanation for this phenomenon. *20*

(b) 'नृजातीय विवादों पर आधारित जनजातियों के बीच के संघर्ष अक्सर राजनीतिक और आर्थिक लाभ के लिए संघर्ष का आवरण होते हैं ।' उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, इस बात को पुष्ट कीजिए ।

'Tribal conflicts based on ethnic differences often camouflage a struggle for political and economic advantage.' Substantiate with examples. *20*

(c) प्रवरजन (विशिष्ट वर्ग) कौन होते हैं ? सामाजिक रूपान्तरण लाने में उनकी भूमिकाओं पर चर्चा कीजिए ।

Who are the elites ? Discuss their roles in bringing social transformation. *10*